भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3307

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण, 1946 (शक)

खेलो इंडिया योजना के तहत दिया जाने वाला वजीफा

3307. श्री दुरई वाइको:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत वजीफे के लिए चयनित व्यक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान खेलो इंडिया के 'खेलो इंडिया केन्द्रों और खेल अकादमियों' घटक के अंतर्गत लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत अब तक स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं के वित्त पोषण का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : पिछले तीन वर्षों के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के 'खेलो इंडिया केंद्रों और खेल अकादमियों' घटक के अंतर्गत स्कॉलरशिप हेतु चयनित और लाभान्वित खेलो इंडिया एथलीटों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या अनुबंध-I में है।

(ग) खेलो इंडिया स्कीम के तहत देश भर में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****

अनुबंध-I

"खेलो इंडिया योजना के तहत दिया जाने वाला वजीफा" के संबंध में श्री दुरई वाइको, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 16.12.2024 के लिए पूछे गए प्रश्न सं 3307 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्यक्षेत्र	2021-22	2022-23	2023-24
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	6	3	3
2	आंध्र प्रदेश	43	55	49
3	अरुणाचल प्रदेश	9	11	14
4	असम	54	43	39
5	बिहार	8	9	14
6	चंडीगढ़	39	40	30
7	छत्तीसगढ़	44	35	45
8	दमन दीव और दादरा नगर हवेली	1	2	3
9	दिल्ली	212	199	163
10	गोवा	16	18	10
11	गुजरात	67	81	65
12	हरियाणा	392	432	467
13	हिमाचल प्रदेश	33	34	28
14	जम्मू एवं कश्मीर	30	20	19
15	झारखंड	24	40	47
16	कर्नाटक	144	136	138
17	केरल	109	103	108
18	लद्दाख	0	1	0
19	लक्षद्वीप	0	0	1
20	मध्य प्रदेश	109	100	114
21	महाराष्ट्र	415	365	347
22	मणिपुर	189	126	105
23	मेघालय	13	3	2
24	मिजोरम	25	28	15
25	नागालैंड	0	1	1
26	ओडिशा	66	57	70
27	पुडुचेरी	6	7	7
28	पंजाब	161	179	169
29	राजस्थान	108	81	105
30	सिक्किम	6	2	1
31	तमिलनाडु	101	167	173

32	तेलंगाना	55	51	59
33	त्रिपुरा	11	8	5
34	उत्तर प्रदेश	186	191	186
35	उत्तराखंड	53	40	32
36	पश्चिम बंगाल	81	91	118
कुल		**2816**	**2759**	**2752**

****